सोमवार
27 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



टॉप 10 अपराधियों की सूची में छठे स्थान शामिल बालू माफिया अंकित गिरफ्तार 2



### बिहार पुलिस दिवस के समारोहिक परेड में शामिल हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बोले

# अपराध करनेवालों से सख्ती से निपटें

**पुलिस में तेजी से बहाली करायें और उनका बेहतर ढंग से प्रशिक्षण हो** | **पुलिस बेहतर ढंग से काम करें, हम आपकी सुविधा का ख्याल रखेंगे** | **ससमय कांड का अनुसंधान होना चाहिए, इस पर विशेष नजर रखें** | **जनता को आपसे काफी उम्मीदें हैं, उसके लिये हमेशा तत्पर रहें**

**केटी न्यूज पटना**

बिहार पुलिस दिवस के समारोहिक परेड सह वार्षिक पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का आयोजन रविवार को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस - 5 स्थित मिथिलेश स्टेडियम में किया गया। इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार पुलिस दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित आप सभी लोगों को मैं बधाई देता हूं। कहा कि हमलोगों को जब से काम करने का मौका मिला पुलिस बल पर विशेष ध्यान दिया गया। समय-समय पर पुलिस बल की गतिविधियों की समीक्षा कर कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर की गयी। समाज में कुछ गड़बड़ करनेवाले मानसिकता के लोग भी होते हैं, उन पर नजर रखनी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो हर वर्ष देश भर के प्रान्तों की आपराधिक घटनाओं से जुड़ी रिपोर्ट प्रकाशित करता है। वर्ष 2021 में नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक आपराधिक घटनाओं के मामले में बिहार 25वें स्थान पर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से काम करने का मौका मिला है। पुलिस में सुधार के लिये कई काम किये गये हैं। वर्ष 2007 में सभी थानों के काम को अनुसंधान और कानून व्यवस्था के रूप में दो भागों में बांटने के लिए हमलोगों ने कानून बनाया। पुलिस बल की संख्या में बढ़ोत्तरी की गयी। अब हर थाना के काम को दो भागों में विभक्त कर दिया गया है एक अनुसंधान और दूसरा कानून व्यवस्था । ससमय कांड का अनुसंधान होना चाहिए, इस पर विशेष नजर रखें। वर्ष 2006 में बिहार में पुलिस बल की संख्या काफी कम थी जिसको ध्यान में रखते हुए बिहार पहला राज्य था जिसने एसएपी (स्पेशल अग्जिलियरी पुलिस)



का गठन किया, इसमें आर्मी के रिटायर्ड जवानों को लगाया गया। हमने बिहार में सैप का गठन कराया। देश में पहली बार बिहार में ही सैप की शुरूआत हुई। बिहार में सैप के काम को देखकर तत्कालीन केंद्रीय रक्षा मंत्री स्व प्रणव मुखर्जी ने देश के अन्य राज्यों में भी इसके गठन करने को कहा था। सैप के जवानों को भी 60 वर्ष की आयु तक सेवा में रखा जाता है। पुलिस के स्पेशल ब्रांच को रिस्ट्रचरिंग करने का निर्णय काफी पहले लिया जा चुका है लेकिन ये अभी तक नहीं हुआ है। स्पेशल ब्रांच में 50 प्रतिशत नियमित बहाली करने का निर्देश दिया गया है और बाकी 50 प्रतिशत दूसरे पुलिस बल से आयेंगे। इसको लेकर तेजी से काम करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस की बेहतरी के लिये जो भी काम किये गये हैं, उसे याद रखना है।

**रात में पुलिस की गश्ती बहुत जरुरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 में ही हमने तय किया कि पुलिस की नियमित गश्ती होनी चाहिए। इसको लेकर सभी थानों में गाड़ियां उपलब्ध करायी गयी है ताकि पुलिस बलों को कहीं आने जाने में कोई दिक्कत नहीं हो। रात में पुलिस की गश्ती बहुत जरुरी है। पुलिस की नियमित गश्ती होने से गड़बड़ी करने वाले लोगों पर नजर रखी जा सकेगी। हमने महिलाओं के लिए पुलिस बल में 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया। अब पुलिस बल में काफी तादाद मे महिलाओं की संख्या हो गयी है। उन्होंने कहा कि हमने आपातकालीन सेवा डायल 112 की शुरूआत करायी। इस व्यवस्था के अन्तर्गत किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति जैसे अपराध की घटना, आग लगने की घटना, वाहन दुर्घटना की स्थिति में या महिला, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा से संबंधित स्थिति में बिहार के किसी भी कोने से कोई भी पीड़ित व्यक्ति 112 नंबर निःशुल्क कॉल कर सकता है। डायल 112 में कर्मियों की संख्या भी बढ़ानी है। हमने काफी पहले निर्देश दिया था कि सभी थानों और ओपी का अपना भवन होना चाहिए। यह किराये के मकान में नहीं होना चाहिए।

## सूबे में महिला हेल्प डेस्क शुरू

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 500 थानों में महिला सहायता डेस्क तथा बिहार के बेवसाइट एवं सोशल मीडिया सेंटर का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर पुलिस महानिदेशक आरएस भट्ठी ने स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री ने सेरेमोनियल परेड का निरीक्षण कर सलामी ली।

## सीएम ने किया पुरस्कृत

गणतंत्र दिवस समारोह 2020 के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट सेवा पदक से अलंकृत किये गये वरीय पुलिस उपाधीक्षक रमाकांत प्रसाद, पुलिस निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक प्रदीप कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक धनराज कुमार, सिपाही उतम कुमार, शहीद उदय प्रताप सिंह की पत्नी को, पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार सिंह, आम नागरिकों में आशीष कुमार, पंकज कुमार राय, अभिषेक प्रियदर्शी को मुख्यमंत्री ने पुरस्कृत किया।

## बढ़ेगी पुलिस बल की संख्या

सीएम ने कहा कि देश में आबादी के मामले में बिहार तीसरे जबकि क्षेत्रफल के मामले में 12वें स्थान पर है। बिहार में पुलिस बल की संख्या तेजी से बढ़ानी है। अब पुलिस का कुल स्वीकृत बल 2,27,775 हो गया है। सभी पदों पर बहाली होने के बाद राज्य में पुलिसकर्मियों की संख्या प्रति लाख आबादी पर 170 से भी अधिक हो जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम चाहते हैं कि पुलिस में तेजी से बहाली हो और उनका बेहतर ढंग से प्रशिक्षण हो। प्रशिक्षण में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# केंद्र मदद ना करे तो सरकारी गाड़ियों का डीजल खत्म हो जाएगा: गिरिराज

**केटी न्यूज/पटना**

केंद्रीय मंत्री ग्रामीण विकास एवं पंचायती मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को सीएम नीतीश कुमार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री और मुख्यमंत्री एनडीए से अलग होने के बाद बिहार को केंद्र से पैसे ना देने का आरोप लगाते रहते हैं। बिहार आज आर्थिक बदहाली में चल रहा है। अगर केंद्र पैसा न दे तो बिहार के अफसरों और नेताओं के गाड़ियों का डीजल खत्म हो जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बिहार में 31 करोड़ से अधिक पैसा सरकार ने दिया है। रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेता विरोधी दल बिहार विधान परिषद सम्राट चौधरी भी मौजूद थे।



गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार सरकार के पास अपने कर्मचारियों को देने के लिए पैसा नहीं है। यह सिर्फ अपनी सरकार को बचाने के लिए काम कर रही है। 13646 भूमिहीनों को अभी तक जमीन नहीं दिया गया है। बिहार सरकार ने डेढ़ लाख आवेदकों का आवंटन अभी तक विभाग में अटका कर रखा है। नीतीश कुमार अपनी गद्दी को बचाने में लगे हुए हैं। केंद्र सरकार बिहार की मदद कर रही है फिर भी नरेंद्र मोदी को गाली दी जा रही है।

**नीतीश जनता को बरगलाने का आरोप लगाया :** नीतीश कुमार भोली भाली जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं। केंद्र अगर पैसा नहीं दिया तो बिहार में 31,000 करोड़ कहां से आवंटित हुआ। केंद्र सरकार अगर मदद नहीं करें तो बिहार में अधिकारियों और नेताओं की गाड़ियों का डीजल खत्म हो जाएगा और इनकी गाड़ियों की बत्ती बंद हो जाएगी। बिहार सरकार पर कहावत सही बैठ रही है माल महाराज का, मिर्जा खेले होली। 1 लाख 66 हजार करोड़ रुपए भारत सरकार ने बिहार को 8 साल में दिया है।

## 2.5 करोड़ के सोना के साथ 3 बांग्लादेशी धराए

**पटना।** पाटलिपुत्र स्टेशन पर डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस में करीब ढाई करोड़ का 4536.09 ग्राम सोना बरामद हुआ है। सोना ले जा रहे तीनों बांग्लादेशी थे। आरपीएफ इंस्पेक्टर शंकर अजय पटेल ने बताया कि डीआरआई और आरपीएफ की टीम ने तीनों को धर दबोचा। उन्होंने बताया कि वो मुंशी पुर, कालम कांदा, बांग्लादेश, मो. साहब अली, मो. अयूब अली और ढाका बांग्लादेश के मो. कमरूजामन बादल सोना लेकर जा रहे थे। पूछने पर आरोपियों ने बताया कि वो बांग्लादेश से प्राइवेट गाड़ी से गुवाहाटी आए हैं। वहां से दिल्ली जा रहे थे। दिल्ली पहुंचने पर इन्हें कोई फोन करता और बैग लेकर जाता। सभी बैग की तलाशी के दौरान कुल 4536.09 ग्राम सोना मिला, जिसका अनुमानित मूल्य 2,59,69,115 है।

## शराब घोटाले केस में दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया गिरफ्तार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाया था। उनसे तकरीबन 8 घंटे पूछताछ हुई।

बता दें कि सिसोदिया की गिरफ्तारी दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में हुई है। सिसोदिया की गिरफ्तारी का आम आदमी पार्टी ने विरोध जताया है। पार्टी ने इसे बीजेपी की साजिश बताया है। सीबीआई के सामने पेश होने से पहले सिसोदिया ने रविवार की सुबह सबसे पहले राजघाट पर जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे रोड शो करते हुए सुबह करीब 11 बजे सीबीआई कार्यालय पहुंचे थे। सीबीआई कार्यालय रवाना होने से पहले उन्होंने आशंका जताई थी कि उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है।

सिसोदिया की गिरफ्तारी दिल्ली के कथित शराब घोटाले केस में हुई है। यह मामला 2021 में पेश की गई दिल्ली की नई शराब बिक्री नीति से संबंधित है। दरअसल, केजरीवाल सरकार ने 2021 में शराब बिक्री के लिए नई नीति बनाई थी, जिसमें कथित घोटाला होने का आरोप है। विवाद बढ़ने पर इसे रद्द भी कर दिया गया था। इस नीति का मुख्य उद्देश्य शराब की कालाबाजारी को रोकना, राजस्व में वृद्धि करना और उपभोक्ता अनुभव में सुधार करना था।

## बाल बाल बचे जीतन राम मांझी कार्यक्रम के दौरान टूटा मंच

**केटी न्यूज/पटना**

गया में हम सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की गरीब संपर्क यात्रा चल रही है। इस दौरान रविवार को गरीब बचाओ रैली का आयोजन किया गया। वहीं जीतन राम मांझी को माला पहनाने के दौरान मंच धंस गया। मंच के धंसते ही पूर्व मुख्यमंत्री अस्थिर हो गए। लोगों ने उनको पकड़ा और सुरक्षित जगह पर ले गए। इसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि कैसे माला पहनाने के दौरान स्टेज पर काफी लोगों के चढ़ने के कारण मंच धंस गया। इस घटना के बाद लोगों से तुरंत मंच को खाली करने की अपील की गई।

रविवार को गया के गांधी मैदान में हिंदुस्तान आवाम मोर्चा की ओर से गरीब बचाओ रैली का आयोजन किया गया था। इसमें सुप्रीमो जीतन राम मांझी समेत पार्टी के कई नेता मौजूद थे। उनके आते ही लोगों ने उनको वेलकम किया जिसके बाद माला पहनाने के लिए लोग स्टेज पर चढ़ गए। मंच पर दबाव ज्यादा होने के कारण वह धंसने लगा और सभी लोग अनबैलेंस होने लगे। इस दौरान ही पदाधिकारियों ने मांझी की बांह पकड़ी और उन्होंने आगे कुर्सी पर बिठाया। बताया गया कि जहां पर मंच धंसा उसके आगे ही मांझी बैठे थे। मंच पर नेताओं की भीड़ एकत्रित होने लगी। हालांकि, हादसे के बाद पूर्व सीएम सुरक्षित मिले।

## गया में बम डिफ्यूज करने के दौरान ब्लास्ट दो जवान जखमी, एक का हाथ उड़ा

**केटी न्यूज/गया**

गया में बम ब्लास्ट हुआ है। इसमें दो जवान बुरी तरह घायल हो गए हैं। इनका इलाज मगध मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। दोनों रविवार दोपहर कोतवाली थाना इलाके के किरानी घाट पर बम डिफ्यूज कर रहे थे। इसी दौरान तेज धमाका हुआ। इसमें एक जवान का हाथ उड़ गया। तेज धमाके के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आवास के लोगों की भीड़ लग गई। पुलिसकर्मियों ने फौरन दोनों घायल जवान को अस्पातल में भर्ती करवाया। वहां से उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

◆ **ग्रामीणों ने किनारी घाट पर दी थी बम की सूचना**




**कोतवाली थाना इलाके में ड्यूटी करते थे जवान :** मामले में बीएसएपी 3 के सिटी एसपी प्रभारी अशोक प्रसाद ने कहा कि बम डिफ्यूज करने में दो जवान घायल हो गए हैं। मगध मेडिकल कॉलेज में उनका इलाज चल रहा है। मामले की जांच की जा रही है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। दोनों जवानों की कोतवाली थाने में ड्यूटी लगती थी। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके के कुख्यात अपराधी गजनी से पुलिसिया पूछताछ में जानकारी मिली थी कि फल्गु नदी किनारे किरानी घाट के पास बम रखे गए हैं। पुलिस इसी सूचना पर बम बरामद करने गई थी। दोनों जवानों ने जैसे ही बम डिफ्यूज करने की कोशिश की, अचानक तेज धमाका हुआ। इसमें दोनों जवान बुरी तरह घायल हो गए।

### मुख्यमंत्री योगी द्वारा बांटे जा रहे नियुक्ति पत्र समारोह में पीएम ने वीडियो संदेश के माध्यम से कहा

# लचर कानून व्यवस्था वाला यूपी, अब कर रहा तरक्की

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के कानून-व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि एक समय था जब उत्तर प्रदेश माफियाओं और ध्वस्त कानून व्यवस्था की वजह से जाना जाता था। लेकिन आज इसकी पहचान बेहतर कानून व्यवस्था और तेज गति से हो रहे विकास की ओर अग्रसर राज?य के रूप में होती है। उत्तर प्रदेश में चयनित 9,055 पुलिस उप निरीक्षकों, प्लाटून कमांडर और अग्निशमन अधिकारियों को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बांटे जा रहे नियुक्ति पत्र समारोह में प्रधानमंत्री नरेन?द्र मोदी ने एक वीडियो संदेश के माध?यम से कहा कि एक समय था जब उत्तर प्रदेश माफियाओं और ध्वस्त कानून व्यवस्था की वजह से जाना जाता था, लेकिन आज इसकी पहचान बेहतर कानून व्यवस्था और तेजी से विकास कर रहे राज्य के रूप में होती है।

पीएम मोदी ने कहा कि इन दिनों रोजगार मेला मेरे लिए एक विशेष कार्यक्रम बन गया है। कई महीनों से मैं देख रहा हूं कि हर सप्ताह भारतीय जनता पार्टी शासित किसी न किसी राज्य में रोजगार मेले हो रहे हैं। हजारों नौजवानों को रोजगार के लिए नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। मेरा सौभाग्य है कि मुझे उसमें साक्षी बनने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया है।

## अपने भीतर के विद्यार्थी को कभी मरने मत देना: पीएम



प्रधानमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि आज जिन्हें नियुक्ति पत्र मिला है, उन्हें एक बात का हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि आपके जीवन में नयी जिम्मेदारी, नयी चुनौतियां, नये अवसर आने वाले हैं, रोज नया अवसर आपके लिए इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद मैं व्यक्तिगत रूप से उत्तर प्रदेश के सांसद के तौर पर कह रहा हूं, भले आपको नियुक्ति पत्र मिला है, आपके नये जीवन की शुरूआत हुई है, लेकिन अपने भीतर के विद्यार्थी को कभी मरने मत देना। हर पल नया सीखना। क्षमता बढ़ाना और अब तो ऑनलाइन शिक्षा की इतनी व्यवस्था है, बहुत सीखने को मिलता है, आपके प्रगति के लिए जरूरी है कि अपने जीवन को रुकने मत दीजिए। जीवन भी नयी ऊंचाइयों को पार करता चले, इसलिए योग्यता को बढ़ाना है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड किया हुआ वीडियो संदेश सुनाया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और अन्य ने हिस्सा लिया था।



## खबरें फटाफट

### 25 थानों में महिला हेल्प डेस्क शुरू

**आरा।** भोजपुर में महिलाएं अब आसानी से अपनी हर तरह की शिकायत दर्ज करा सकती हैं। उसके लिए उन्हें अब महिला थाना जाने की जरूरत नहीं है। अब स्थानीय थाने में भी उनकी शिकायत दर्ज होगी। उसे लेकर एसपी प्रमोद कुमार की ओर से रविवार को जिले के 25 थानों में महिला हेल्प डेस्क डेस्क का उद्घाटन किया गया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने महिलाओं को संबोधित किया। यहां महिलाएं बेहिचक अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। महिला पुलिस उनकी शिकायत सुनेंगी और उबका निपटारा करेगी।

### दुर्घटना में बाइक सवार युवक जख्मी

**आरा।** आरा-अरवल रोड पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जयनगर गांव के पास रविवार की दोपहर ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को ठोकर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक जयनगर गांव निवासी विश्वनाथ सिंह का 35 वर्षीय पुत्र राजू यादव है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की दोपहर वह बाइक से उदवंतनगर की ओर जा रहा था। उसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में ठोकर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

### स्पर्शाघात से बुरी तरह झुलसा मजदूर

**आरा।** भोजपुर गीधा ओपी क्षेत्र के गीधा गांव में रविवार की दोपहर करंट की चपेट में आने से एक मजदूर झुलस गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। झुलसा युवक गीधा गांव निवासी स्व.चंदेश्वर पासवान का 28 वर्षीय पुत्र राधेश्याम पासवान है। उसने बताया कि वह गांव में ही कंटेनर गाड़ी से सामान उतार रहा था। उस दौरान वह कंटेनर का गेट पकड़ा हुआ था और उसके ऊपर से बिजली का तार गुजर रहा था। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और झुलस गया।

# चेचक के लक्षणों की पहचान जरूरी, अस्पतालों में इलाज की समुचित व्यवस्था

**केटी न्यूज/भभुआ**



गर्मियों के महीनों में होने वाले कुछ ऐसी बीमारियां हैं, जिनके होने से लोग घबरा जाते हैं. चेचक एक ऐसी ही बीमारी है जिसका ज्यादातर संक्रमण बच्चों के शरीर पर देखने को मिलता है। यह वारिसेला-जोस्टर वायरस के संक्रमण से होता है। ससमय चिकित्सीय प्रबंधन नहीं होने से यह जानलेवा भी साबित हो सकता है।

चेचक को चिकनपॉक्स के नाम से भी जानते हैं। ये बीमारी दो तरह की होती हैं। पहली छोटी माता यानी छोटी चेचक और दूसरी बड़ी माता यानी बड़ी चेचक। इस बीमारी में शरीर के ऊपर लाल रंग के दाने निकल आते हैं, जिनमें खुजली और दर्द दोनों होता। इसके अलावा इस बीमारी में व्यक्ति को बुखार भी आता है। साथ ही कमजोरी होना, शरीर में दर्द होना, कुछ भी अच्छा ना लगना जैसी कई अन्य चीजें होती हैं। इन दोनों में ही शरीर के ऊपर दाने निकलते हैं। लेकिन दोनों में अंतर ये है कि जहां बड़ी चेचक में बड़े दाने, तो वहीं छोटी चेचक में छोटे दाने निकलते हैं। इसी से इसे पहचाना जा सकता है।

- चेचक से ग्रसित व्यक्ति से दूरी बना कर रखें, लक्षण दिखने पर जाएं अस्पताल

#### निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें

- नाखूनों को छोटा और साफ रखें
- इसे खरोंचने के बजाय त्वचा को सहलायें या थपथपाएं
- रात में सूती दस्ताने पहनें
- ठन्डे या गुनगुने पानी में स्नान करें
- ढीले, चिकने सूती कपड़े पहनें

#### दोनों के आकार व लक्षणों में भी अंतर

आकार के अलावा दोनों के लक्षणों में भी बहुत अंतर होता है। जिसे आसानी से मालूम किया जा सकता है। छोटी चेचक के समय उसके होने वाले दाने छोटे होते हैं जो कि बीच में से फटते नहीं हैं, बल्कि सीधे सूख जाते हैं। अमूमन छोटी चेचक बच्चों को होती है। वहीं, बड़ी चेचक के समय शरीर पर बड़े दाने होते हैं। ये बीच में से फट जाते और फिर सूखकर इनकी पपड़ी उतर जाती है।

#### अस्पताल में दवाएं व इलाज उपलब्ध

चेचक की बीमारी में अस्पताल में दवाएं व इलाज उपलब्ध है। बिना देर किए अस्पताल जाएं और डॉक्टर से सलाह जरूर लें। साफ सफाई के साथ कई घरेलू उपचार करके भी इससे बचा जा सकता है। इसमें नीम को बड़ा असरदार माना गया है। नीम को नहाने वाले पानी में डालकर उबाल लें, और फिर इस पानी से रोगी को नहलाएं। ऐसा करना चेचक की बीमारी में काफी लाभदायक होता है।

#### बीमारी के दौरान सफाई का रखें खयाल

साफ सफाई का पूरा ध्यान रखें। घर के आस पास कूड़े करकट के ढ़ेर न लगने दें। बच्चों को गन्दे व बीमार पशुओं से दूर रखें । उन्हें सन्तुलित आहार दें। उन वस्तुओं के संपर्क में आने से भी चेचक फैल सकता है जो वायरस से दूषित हो गए हैं। अतः संक्रमित बच्चों के खिलौने, बिस्तर या कपड़े जो आपके घर में है उस वस्तु को कीटाणुनाशक से साफ करके चेचक को फैलने से रोक सकते हैं।

### पिता के जेल जाने के बाद संभाली कमान, दर्जनों वारदात को अंजाम दे बना कुख्यात

# टॉप 10 अपराधियों की सूची में शामिल वांटेड बालू माफिया अंकित गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

- एएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पटना से वांछित को दबोचा
- एक साल में अंकित ने दस घटनाओं को अंजाम दे मचा दी थी सनसनी
- पूछताछ करने के बाद पुलिस ने कुख्यात बालू माफिया को भेजा जेल

पुलिस के हत्थे चढ़ा भोजपुर के टॉप टेन अपराधियों में शामिल बालू माफिया अंकित पांडेय महज साल भर में ही कुख्यात बन बैठा था। उसकी कोईलवर इलाके में भय और वर्चस्व और कायम है। पिछले साल जनवरी से दिसंबर के बीच ताबड़तोड़ दस वारदात को अंजाम देकर वह पुलिस के लिए मोस्ट वांटेड बन गया था। उसकी गिरफ्तारी पुलिस की चुनौती थी। ऐसे में उसका पकड़ा जाना बड़ी सफलता मानी जा रही है। कोईलवर थाना क्षेत्र के पचरूखिया कला गांव निवासी अंकित पांडेय ने अपने पिता सत्येंद्र पांडेय के जेल जाने के बाद 2021 में गिरोह की कमान संभाली और देखते ही देखते वह जिले का मोस्ट वांटेड बन गया।

कोईलवर में बालू घाट पर दोहरे हत्याकांड में नाम आने के बाद वह पुलिस की टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल हो गया था। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में उसकी गिरफ्तारी की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि अंकित पांडेय जिले के टॉप टेन अपराधियों में शामिल था। उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और अवैध बालू खनन सहित दस से अधिक मामले दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी के लिए एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम काफी दिन से लगी थी। दूसरे राज्यों में भी दबिश दी गयी थी। उस बीच इनपुट के आधार पर शुक्रवार को उसे पटना से गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि टॉप टेन में शामिल तीन अपराधियों को पूर्व में गिरफ्तारी कर जेल भेजा जा चुका है। अन्य अपराधियों की धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है। छापेमारी में कोईलवर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार और डीआईयू के अफसर एवं जवान शामिल थे।




**2021 में गांजे के साथ पकड़ा गया था अंकित का पिता :** कुख्यात बालू तस्कर अंकित पांडेय के पिता सत्येंद्र पांडेय भी भोजपुर का बड़ा बालू माफिया है। वह अपना गिरोह संचालित करता है। बालू घाट पर वर्चस्व को लेकर उसकी विदेशी राय गिरोह से अदावत चलती है। उस सिलसिले में कई ई बार दोनों गिरोह के बीच खूनी संघर्ष भी हो चुकी है। पिछले साल कोईलवर के कमालुचक घाट पर दोहरा हत्याकांड उसी की देन है। उसे अगस्त 2021 में नवादा थाना क्षेत्र के गिरिजा मोड़ के पास दो किलो गांजा के साथ पकड़ा गया था। उसके जेल जाने के बाद अंकित पांडेय ने गिरोह की कमान संभाल ली है और ताबड़तोड़ अपराधिक वारदात को अंजाम देने लगा। उसका अंकित पांडेय पर पहला केस सितंबर 2021 में लड़की के अपहरण का दर्ज हुआ था। दूसरा केस दोहरा हत्याकांड का था। उसके बाद अममन हर माह कोईलवर थाने में उसके खिलाफ केस दर्ज होता रहा। जनवरी से दिसंबर के बीच हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और अवैध बालू खनन के दस केस दर्ज हो गये। पिछले साल उसके घर से काफी नगदी भी बरामद की गयी थी। उसके अन्य भाइयों पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसमें दो पूर्व में जेल भी जा चुके हैं।

#### गोलीबारी में अंकित का चाचा भी गिरफ्तार

कोईलवर पुलिस की टीम द्वारा वर्चस्व को लेकर गोलीबारी के एक मामले में कुख्यात अंकित पांडेय के चाचा को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह कोईलवर थाने के पचरूखिया कला गांव निवासी उमेश्वर पांडेय हैं। वह जेल में बंद सत्येंद्र पांडेय के भाई हैं। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि फरवरी 2021 में वर्चस्व को लेकर महादेवच सेमरिया में दो गुटों में गोलीबारी हुई थी। उसमें एक बच्ची को गोली लगी थी। उसे लेकर पुलिस द्वारा नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। उसमें उमेश्वर पांडेय भी नामजद था। वह घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। शुक्रवार रात लोकल इनपुट के आधार पर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इधर, अवैध खनन और परिवहन को लेकर जारी अभियान में चारों ट्रक और तीन ट्रैक्टर जब्त किया गया है। चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। चार केस भी दर्ज किया गया है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने जिले के सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क का किया वीडियो कांफ्रेंसिंग से उद्घाटन



**डुमरांव।** डुमरांव थाने में घरेलू हिंसा सहित अन्य मामलों में पीड़ित आधी आबादी से डुमरांव पुलिस रूबरू होंगी। इसके लिए थाना परिसर में महिला हेल्प डेस्क बनाया गया है, जिसका उद्घाटन रविवार को सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद इस हेल्प डेस्क का विधिवत संचालन शुरू किया गया। इस हेल्प डेस्क की प्रभारी महिला दरोगा सरिता कुमारी को बनाया गया। जो महिलाओं की शिकायत सुनने के बाद एफआईआर दर्ज करने से लेकर संबंधित अधिकारियों तथा सरकारी मदद दिलाने तक की जिम्मेदारी निभायेगी। मुख्यमंत्री ने महिला सुरक्षा को लेकर विशेष जोर दिया है। बताया जाता है कि पिछले दिनों सरकार ने पुलिस मुख्यालय में महिलाओं के विशेष सुरक्षा को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया था। जिसको लेकर डुमरांव थाने में महिला हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। पुलिस की माने तो इस डेस्क के संचालन को लेकर महिला पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्हें महिलाओं से जुड़े कानून और अधिकारों की पूरी जानकारी दी जायेगी। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर विमल दास, थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम, समाजसेवी ब्रह्मा ठाकुर, सोनू राय सहित स्कूली छात्राओं के सहित अन्य समाजसेवी व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### ऑनलाइन होने वाले अपराध पर अब होगा सीधा एक्शन, आरा में खुला साइबर थाना



**आरा।** जिले में साइबर क्राइम करने वाले अपराधियों पर पुलिस का अब सीधा वार होगा। साइबर ठगी के बाद अब साइबर थाने की पुलिस एक्शन लेगी। हाईटेक मशीन और साइबर एक्सपर्ट से लैश थाने में केस दर्ज करने के साथ ही पुलिस अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर देगी। इसके लिए मुख्यालय के आदेश पर आरा में साइबर पुलिस थाने की शुरूआत की गयी। पुलिस ऑफिस में रविवार को मेयर इंदू देवी और एसपी प्रमोद कुमार द्वारा फीता काट कर थाने का उद्घाटन किया गया। साइबर पुलिस थाने में कई तकनीकी मशीन के साथ आठ काबिल एक्सपर्ट भी तैनात किये गये हैं। पुलिस इंस्पेक्टर श्याम किशोर प्रसाद को इस साइबर थाने का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एसपी की ओर से साइबर थाने का संपर्क नंबर 6207926696 भी जारी किया गया है। इधर, थाना स्थापित होने के बाद लोगों को साइबर अपराध होने के बाद शिकायत दर्ज कराने के लिए अलग-अलग थानों और अन्य पुलिस ऑफिस का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। किसी तरह का फ्रॉड होने पर सीधे पीड़ित साइबर थाने में शिकायत दर्ज करायेंगे। केस दर्ज करने के साथ ही पुलिस पैसे वापस कराने का प्रयास शुरू कर देगी। साइबर क्राइम की घटना की जांच करने के साथ अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई भी करेगी। उद्घाटन के अवसर पर ट्रेनी डीएसपी अनुराग कुमार, मेजर,सार्जेंट, थानाध्यक्ष और डा. विकास सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### होली मिलन समारोह में जमकर उड़े गुलाल



**जहानाबाद।** स्थानीय ठाकुरबाड़ी स्थित चित्रगुप्त मंदिर में श्री चित्रगुप्त सेवा संघ के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह आयोजन से पूर्व भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज का आरती मंगल किया गया। श्री चित्रगुप्त सेवा संघ के अध्यक्ष शशिकांत के अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां, जम-कर अबीर गुलाल उड़ाया गया। चित्रांश परिवार के द्वारा गुलाल एवं गले लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गई। इस क्रम में स्थानीय चित्रांश महिलाओं के द्वारा होली गीत झाल नगाड़े के साथ गाया गया। बताते चलें कि इस अवसर पर संघ के द्वारा आम-सभा का आयोजन किया गया, इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी चैत्र-पूर्णिमा के दिन होने वाले श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मौके पर मौजूद संघ के अध्यक्ष शशिकांत के अलावे महासचिव रमेश कुमार सिन्हा,संजय सिन्हा, बिंदुभूषण सिन्हा,दिनानाथ सिन्हा, प्रोफेसर नंद किशोर सिन्हा, नुनु प्रसाद, अजीत सिन्हा, अंजनि सिन्हा, अर्चना बच्चन, राखी वर्मा, शांति सिन्हा, सीमा सिन्हा, मंजू सिन्हा, कुंदन सिन्हा, चन्दन सिन्हा, रविंद्र कुमार कर्ण,ओम प्रकाश सिन्हा, सुनील सिन्हा, भोला सिन्हा, प्रकाश सिन्हा, रितेश सिन्हा, राकेश रोशन, ऋषिराज, सोनू सिन्हा, राजीव सिन्हा सहित कई चित्रांश उपस्थित थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

**केटी न्यूज/आरा**

- गांव से आरा आने के दौरान हुआ हादसा, ट्रेन से गिरने से गयी जान

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कुल्हड़िया स्टेशन के समीप रविवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर अफरा-तफरी मची रही। मृत युवक कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी गांव निवासी जीतेंद्र कुमार का 19 वर्षीय पुत्र अमर कुमार था। वह दिल्ली में प्राइवेट काम करता था। घटना की सूचना मिलने पर रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

मामले में युवक के चचेरे भाई सुमित कुमार ने बताया कि वह दो महीना पूर्व दिल्ली से वापस गांव आया था। रविवार की सुबह वह पैसेंजर ट्रेन से काम करने के लिए आरा आ रहा था। उसी दौरान यह हादसा हो गया। उसके दो घंटे बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उसे इस घटना की जानकारी दी गयी।

बताया जाता है कि युवक अपने तीन भाई और दो बहन में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में भाई ओम प्रकाश, आयुष कुमार, बहन अर्चना देवी और अर्पिता कुमारी है। उसकी मां सोनी देवी की मृत्यु 4 वर्ष पूर्व बीमारी के कारण हो गई थी। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। घटना के बाद युवक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## बुजुर्ग की गला रेत की हत्या, बिहार में फेंका शव

**केटी न्यूज/आरा**

- पैसे के लेनदेन के विवाद में तीन लोगों पर हत्या करने का आरोप

यूपी के बलिया जनपद के दोकटी गांव निवासी बुजुर्ग पेंटर जनार्दन राम की चंद पैसे के लिए गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी गयी थी। बाजार से अगवा करने के बाद यूपी के दोकटी गांव में हत्या कर शव को बिहार में फेंक दिया गया था। शनिवार की शाम यूपी से सटे भोजपुर जिले के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के मझौली केवटिया मौजा दियारे में मनरिका के डेरा गांव स्थित झूर से बरामद किया गया था।

रविवार को कृष्णगढ़ थाने की पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराया गया। दोकटी गांव निवासी वीरेंद्र राम ने बताया कि उनके भाई जनार्दन राम ने गांव के ही संतोष सिंह से कुछ समय पहले 15 हजार रुपये कर्ज लिया था। उसमें से कुछ पैसा वापस भी कर दिया था। कुछ पैसा बकाया था। बुधवार को संतोष सिंह द्वारा पैसा देने का दबाव दिया गया था। उसके बाद संतोष सिंह, उनके पुत्र भीम सिंह और भाई द्वारा अगवा कर उनके भाई की धारदार हथियार से हत्या कर दी।




**हत्या के बाद बुजुर्ग के घर में मचा कोहराम:** बताया जा रहा है कि बुजुर्ग अपने दो भाई और एक बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी चंद्रावती देवी, पुत्र जीतेंद्र राम, संदीप राम, पुत्री सुनीता कुमारी, सुनैना कुमारी, शांति कुमारी, कंचन कुमारी और दीपावली कुमारी है। घटना के बाद उनके घर में हाहाकार मच गया है। पत्नी चंद्रावती देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

#### बाइक पर बिठा कर ले गया अपने घर और कर दी हत्या

धीरेंद्र राम के अनुसार गुरुवार को उनके भाई कर्जा लौटाने के लिए बैंक से पैसे निकाल घर आये थे। उसके बाद शाम वह दोकटी बाजार गए थे। वहां संतोष सिंह बाइक से आया और उन्हें अपनी बाइक पर बैठा कर ले गया। रात में उनके भाई घर वापस नहीं लौटे, तो उनकी खोजबीन की गयी। उस दौरान उनकी पत्नी संतोष सिंह के घर पर जाकर उनके बारे में पूछताछ की, तो उसने कहा कि वह यहां नहीं है। उन्हें बाजार में छोड़ दिया था। उसके बाद परिजन वापस घर चले आए और दोकटी थाना में शिकायत की गयी। इसी बीच शनिवार की रात करीब 10 बजे भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाने की पुलिस द्वारा फोन कर सूचना दी गई कि उनके भाई की हत्या कर फेंका गया शव बरामद किया गया है। इधरष दोकटी थाना में बुजुर्ग की पत्नी चंद्रावती देवी द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया कि गुरुवार की शाम उनके पति जनार्दन राम 15 हजार लेकर संतोष के घर उसे देने गए थे। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटे।


### रोहतास सिविल सर्जन ने कहा-टीबी बीमारी को हराने के लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत

# जिले में महिलाओं से अधिक पुरुष टीबी बीमारी से संक्रमित

- मार्च 2022 से लेकर अब तक पाई गई 503 संक्रमित महिलाएं

**केटी न्यूज/सासाराम**


रोहतास जिला में टीबी मरीजों में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। हालांकि जिले में टीबी उन्मूलन को लेकर लगातार अभियान भी चलाए जा रहे और प्रतिमाह 100 के आसपास लोगों की टीबी जांच भी की जा रही है।



साथ ही टीबी बीमारी से संक्रमित मरीजों का इलाज भी लगातार डॉक्टरों की निगरानी में किया जा रहा है। बावजूद इसके जिले में टीबी मरीजों की संख्या में गिरावट नहीं आई है। जिसका मुख्य कारण टीबी संक्रमित मरीजों द्वारा बरती जा रही आसावधानियां मानी जा रही है। रोहतास जिले में टीबी से संक्रमित मरीजों में महिलाओं की अपेक्षा पुरुषों की संख्या दुगनी है। जिला यक्ष्मा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार रोहतास जिले में मार्च 2022 से लेकर फरवरी (अब तक) जिले में 503 टीबी बीमारी संक्रमित महिलाएं पाई गई, जबकि 1249 पुरुष टीबी बीमारी से संक्रमित पाए गए जो महिलाओं की अपेक्षा दुगने से भी अधिक हैं। इनमें सर्वाधिक संख्या सासाराम प्रखंड में रही। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सासाराम प्रखंड में 259 टीबी से संक्रमित महिलाएं पाई गई, जबकि 476 टीबी से संक्रमित पुरुष पाए गए।

**टीबी से संक्रमित लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत :** जिला यक्ष्मा केंद्र के प्रभारी सह सीडीओ डॉ राकेश कुमार ने बताया कि टीबी फैलने वाली बीमारी है जो खांसने और थूकने से ज्यादा फैलती है। ऐसे में जरूरत है टीबी मरीजों को सावधानी बरतने की। उन्होंने बताया कि टीबी से संक्रमित मरीजों में पुरुष, महिलाओं की अपेक्षा अन्य लोगों के बीच में ज्यादा रहते हैं। ऐसे में यह बीमारी फैलने की संभावना ज्यादा प्रबल हो जाती है। उन्होंने बताया कि टीबी से संक्रमित मरीजों को लगातार सलाह दी जाती है कि जब भी वे लोगों के बीच में रहें तो मास्क का इस्तेमाल जरूर करें। साथ ही घरों में एवं अन्य जगहों पर जहां-तहां थूकने से परहेज करें।

**जागरूक होने की जरूरत :** रोहतास के सिविल सर्जन डॉ केएन तिवारी ने कहा कि टीबी को लेकर लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 2025 तक देश से टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में आम लोगों के साथ-साथ टीबी ग्रसित मरीजों को जागरूक होने की आवश्यकता है, तभी हमलोग टीबी बीमारी को हरा सकते हैं।


महात्मा गांधी

हर कोई अपने अपने प्रकाश के अनुसार भगवान से प्रार्थना करता है।



## खबरें फटाफट

### किशोरी का अपहरण करने वाला गिरफ्तार

**नावानगर।** पुलिस ने वर्ष 2020 में थाना क्षेत्र के एक किशोरी के अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसकी गिरफ्तारी मनेर थाना क्षेत्र के रामपुर दियर गांव से की गई है। बताया जाता है कि लॉक डाउन के दौरान वह स्थानीय थाना क्षेत्र के एक किशोरी को बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया था। इस मामले में किशोरी के पिता ने अपनी पुत्री के अपहरण का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। तकनीकी अनुसंधान में किशोरी के मनेर थाना क्षेत्र के रामपुर दियर गांव में होने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने एक पखवाड़ा पहले उसे बरामद किया था। वही अब आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारों की मानें तो मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है।

### घर से निकली छात्रा गायब, केस दर्ज

**डुमरांव।** कोचिंग के लिए घर से निकली एक छात्रा के गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में परिजनों ने नया भोजपुर ओपी पुलिस को आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर छात्रा की खोज में जुट गयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुराना भोजपुर की रहने वाली छात्रा डुमरांव के साफाखाना रोड में कोचिंग में पढ़ती थी। रोज की तरह वह कोचिंग के लिए घर से निकली लेकिन जब दोपहर तक घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों की चिंता बढ़ गयी। परिजन छात्रा की खोज में जुट गये। नाते-रिश्तेदारों के यहां भी जानकारी ली लेकिन छात्रा का कही अता-पता नही चला। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि छात्रा के पिता के बयान पर पुलिस मामले को दर्ज कर छात्रा की सुराग पाने के लिए प्रयासरत है। वहीं, घटना के बाद पजिनों का बुरा हाल है।

# ध्रुपद गायकी के जादूगर तानसेन की याद में आयोजित किया संगीत समारोह

- बिस्मिल्लाह खां संगीत एकेडमी में आयोजित समारोह में शास्त्रीय संगीत के कलाकारों ने बिखेरा जलवा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय हरि जी हाता स्थित बिस्मिल्लाह खां संगीत एकेडमी के सभागार में रविवार को संगीत सम्राट ह्नतानसेनह्न की स्मृति में एक भव्य संगीत समारोह का आयोजन किया गया। जिसका संचालन होमियोपैथिक संघ बिहार के सचिव डॉ बी एल प्रवीण ने किया। बतौर मुख्य अतिथि शिक्षक प्रवीण कुमार उपाध्याय तथा समाजसेवी दशरथ प्रसाद विद्यार्थी के साथ-साथ बक्सर यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा तानसेन के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। सबसे पहले आगत लोगों का स्वागत करते हुए बी एल प्रवीण ने तानसेन की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा बताया कि तानसेन का जन्म सन 1506 में हुआ था तथा निधन 26 अप्रैल 1589 में तानसेन को मूल नाम रामतनु गोदरिया था। ये बादशाह अकबर के नवरत्नों में महत्वपूर्ण स्थान रखते थे। इन्हें ध्रुपद गायन में महारत हासिल था। इन्होंने ही कई राग-रागिनियों की खोज की। कहा जाता है कि रागों की साधना ऐसी थी कि दीप राग से आग लग जाती थी और राग मेघ मल्हार से पानी बरसने लगता था।



कार्यक्रम में संगीत प्रस्तुत करती कलाकार

**अकबर के नौ रत्नों में प्रमुख स्थान :** उन्होंने बताया कि तानसेन के गुरु स्वामी हरिदास थे। तानसेन के नाम से आज भी संगीत का घराना चलता है। एक प्रकार से इन्हें ध्रुपद गायिकी का जनक कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। वे ध्रुपद गायकी के जादूगर थे। अपनी गायन कला के बल पर ही वे बादशाह अकबर के नौ रत्नों में प्रमुख स्थान रखते थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में इस प्रकार के आयोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि संस्कृति की रक्षा हर हाल में होनी चाहिए। जबकि दशरथ प्रसाद विद्यार्थी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन कराते रहना नगर में लुप्तप्राय होते सांस्कृतिक माहौल के लिए संजीवनी साबित होगा। उन्होंने कहा कि संगीत के जरिए ही हम मानव जीवन को सरस बना सकते हैं। समारोह में भाग लेने वाले गायक कलाकारों को आयोजकों द्वारा मोमेंटो तथा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**कालाकारों के लिए बजी जमकर तालियां :** संगीत समारोह की शुरूआत बिस्मिल्लाह खां संगीत एकेडमी की प्राचार्या कुमारी सुमन ने सरस्वती वंदना से की। उन्होंने अपनी सुरीली आवाज में शास्त्रीय गायन बाजुबंद खुल-खुल जाए बंदिश प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मौके पर आरा से आए संगीत कलाकार राकेश मिश्र ने शास्त्रीय गायन में अपना परचम लहराया। सोलो तबला वादक अमन कुमार पाण्डेय तथा बिस्मिल्लाह खां संगीत एकेडमी से जुड़े गुरु पवन ओझा ने शास्त्रीय गायन में बेहतरीन प्रस्तुति की। अवधेश यादव ने राग मालकौंस प्रस्तुत किया जिस पर काफी तालियां मिली। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा होली की अग्रिम बधाई भी दी। इस दौरान उपस्थित प्रभाकर, रवि, कृष, आशीष, रोहित, खुशी, रिमी, पूजा कुमारी, आरती कुमारी समेत विस्मिल्लाह खां संगीत महाविद्यालय के कई अन्य छात्र-छात्राएं तथा गणमान्य मौजूद थे।

# 11 केवीए तार के संपर्क में आने से दो लोगों की मौत, 3 जख्मी

## चापाकल गलाने के दौरान हुआ हादसा

- रविवार को मुरार थाना क्षेत्र के मसर्हियां गांव में हुई हृदय विदारक घटना

**केटी न्यूज/चौगाईं**

मुरार थाना क्षेत्र के मंसार्हिया गांव से चापाकल लगा रहे दो लोग बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। जबकि तीन लोग जख्मी हो गए है। जख्मियों को चौगाई पीएचसी में इलाज करवाया जा रहा है। जिनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। दो लोग की मौत की खबर मिलते ही क्षेत्र में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक पूर्व बीडीसी सचिता नन्द साह के पुत्र अंटू साह 30 वर्ष है। दूसरा चापाकल मिस्त्री का हेल्फर मृतक मनोज राम 30 वर्ष पिता बलि राम माठिला है। घटना रविवार को 2:30 के करीब की है। इस घटना में चन्दन कुमार, धनराज राम, मेघनाथ राम भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए है। जहां उनकी प्राथमिक उपचार चौगाईं अस्पताल में चल रहा है।

बताया जा रहा है कि रविवार को मसर्हिया गांव में पूर्व बीडीसी सच्दिानन्द साह के घर चापाकल लगाया जा रहा था। जिसमें बतौर मजदूर कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला गांव के कुछ युवक काम कर रहे थे। चापाकल पाइप गलाने के बाद बीडीसी के पुत्र अंटू साह और मनोज राम पाईप को निकालने लगे। तभी बीडीसी के घर के ऊपर से गुजरी ग्यारह हजार बोल्ट का तार में



पाईप का संपर्क हो गया। जिसमें पाईप निकाल रहे अंटू साह और मनोज राम उसी पाईप में चपके रह गये। जबकि बगल में खड़े चन्दन कुमार, धनराज राम, मेघनाथ राम जोरदार झटका दिया। तीनों कुछ दूर जा कर गिर पड़े जिस कारण उनकी जान बच गई। तत्काल आस पास में खड़े लोग सभी को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सको ने दो अंटू साह और मनोज राम को मृत घोषित कर दिया। जबकि जख्मियों का इलाज शुरू किया गया। बता दे कि अंटू साह का एक लड़का और दो लड़की है। जबकि मनोज का दो लड़के और दो लड़की है। चौगाईं पीएचसी प्रभारी डॉ. मितेंद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों की मौत हो गई थी।

## बक्सर में दहशत फैलाने के लिए हुई हवाई फायरिंग के मामले की जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

# दुस्साहस: सार्वजनिक रास्ते के विवाद में रणक्षेत्र बना सारिमपुर, दो लोग घायल

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार को दोपहर बाद सार्वजनिक रास्ते के अतिक्रमण के सवाल पर औद्योगिक थाना क्षेत्र का सारिमपुर का इलाका रणक्षेत्र बन गया था। इस मसले पर दो पक्ष आपस में भींड़ गए थे। पहले तो एक दूसरे पर ईंट पत्थर तथा लाठी डंडे से हमला किया गया। जिसमें दो लोगों को गंभीर चोटे आई। इसके बाद एक पक्ष द्वारा दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी किया गया। जानकारों की मानें तो करीब पांच राउंड गोलियां चलाई गई। जिससे घटना स्थल पर भगदड़ मच गया था तथा लोग अपना जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे थे। दिनदहाड़े हुई इस वारदात व दबंगों के दुस्साहस से पीड़ित पक्ष के साथ ही आस पास के लोग सकते में है। लोगों का कहना है कि उनमें पुलिस प्रशासन का भय नहीं है तभी तो दिनदहाड़े मारपीट करने के साथ ही फायरिंग करने की हिम्मत किए।

घटना में एक पक्ष के पिंकू कुमार सिंह पिता अनिल कुमार सिंह तथा धनजी कुमार सिंह, पिता दिनेश कुमार सिंह का सिर फट गया है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। जख्मियों की मानें तो मारपीट के साथ ही दूसरे पक्ष द्वारा दहशत फैलाने के लिए पांच राउंड हवाई फायरिंग भी की गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके


घटना के बाद पूछताछ को पहुंचे थानाध्यक्ष व अन्य

- लंबे समय से चला आ रहा है सार्वजनिक रास्ते के अतिक्रमण का विवाद

पर पहुंची। पुलिस के आते ही आरोपी भाग खड़े हुए। इस घटना के बाद स्थानीय निवासी दहशतजदा है। बताया जाता है कि इस जगह पर लंबे समय से कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक रास्ते का अतिक्रमण कर लिया गया है। जिस कारण कई बार विवाद हुआ है।

**दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के खिलाफ दिया गया आवेदन :** इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के खिलाफ लिखित शिकायत की दी गई है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों पक्षों का आवेदन मिला है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच की जा रही है। हालांकि संवाद संप्रेषण तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

**नहीं थम रहे जमीन विवाद के मामले :** पुलिस प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद जमीन विवाद के मामले थमने का नाम नहीं ले रहा है। सबसे अधिक विवाद सार्वजनिक जमीन पर अतिक्रमण तथा उसे कब्जाने को लेकर हो रहा है। रविवार को सारिमपुर बांध के पास हुए हिंसक झड़प भी इसी से जुड़ा है। दिलचस्प तो यह है कि जिलाधिकारी अमन समीर के निर्देश के बावजूद जमीन विवाद के मामलों को सुलझाने के लिए न तो पुलिस प्रशासन और न ही अंचल प्रशासन द्वारा कोई विशेष सर्तकता बरता जा रहा है। विभाग से प्राप्त निर्देशों के तहत प्रत्येक शनिवार को जिले के सभी थानों में जनता दरबार का आयोजन भी किया जा रहा है। बावजूद जमीन विवाद के मामले कम होने के बजाए बढ़ते ही जा रहे है।

**कहते है थानाध्यक्ष :** इस संबंध में औद्योगिक थाना के थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि सार्वजनिक रास्ते के अतिक्रमण के मुद्दे पर यह विवाद हुआ है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले की पड़ताल कर रही है। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अक्सर आती है मारपीट की नौबत

सूत्रों की मानें तो सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा करने की नियत वाले विरोध करने वालों का मुंह बंद कराने के लिए बाहरी लोगों को भी अक्सर बुलवाते रहते है। जिस कारण अक्सर मारपीट जैसी नौबत आती है। रविवार को भी दबंगों द्वारा विरोध करने वालों को बलपूर्वक दबाने का प्रयास किया गया। इसी प्रयास में ईंट पत्थर चलाए गए तथा हवाई फायरिंग तक की गई। घटना के बाद देर तक वहां अफरा तफरी का महौल रहा। पुलिस के आने के बाद ही स्थिति नियंत्रित हुई। इस घटना के बाद लोग यह कहते भी सुने गए कि महागठबंधन सरकार में अपराधी व दबंग बेलगाम हो गए है तथा उनमें पुलिस का भय नहीं है।

# स्कार्पियो के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय थाना क्षेत्र के परमडीह पुल के पास रविवार को स्कार्पियो के धक्के से बाइक सवार एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गया है। मृतक की पहचान केसठ गांव के 40 वर्षीय श्याम बाबु कुशवाहा के रूप में हुई है। जो केसठ में स्टेट बैंक का सीएसपी संचालक था। वही जख्मी युवक गांव के ही रामबाबु है। जिसकी प्राथमिक उपचार मलियाबाग के निजी क्लिनिक में कराने के बाद चिकित्सकों ने आरा रेफर कर दिया है। इधर घटना की सूचना मिलते ही नावानगर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज


घटना के बाद मृतक के घर पर जुटे लोग

दिया। बताया जाता है कि एक बाइक पर सवार होकर रामबाबु एवं श्याम बाबु कुशवाहा केसठ नहर मार्ग से मलियाबाग जा रहे थे। जैसे ही परमडीह पुल पर हाईवे पर बाइक पहुंची कि एक तेज रफ्तार से गुजर रही स्कार्पियो ने उनकी बाइक में धक्का मार दिया। इस दुर्घटना में श्यामबाबू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहे रामबाबू को गंभीर चोटें आई।

इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार स्कार्पियो को चिन्हित करने की कोशिश की जा रही है। इस घटना के बाद एनएच पर बेलगाम परिचालन के प्रति लोगों में गहरा आक्रोश है।

**सीएसपी का संचालन कर चलाता था आजीविका :** मृतक श्याबाबू कुशवाहा केसठ में ही एसबीआई बैंक का सीएसपी का संचालक था। जबकि जख्मी राबाबू उसके सीएसपी पर ही काम करता था। वह दो भाइयों में सबसे छोटा भाई था। मृतक के दो पुत्र है। बड़ा पुत्र किसी शहर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता है। जबकि छोटा लड़का गांव पर ही रह पढ़ाई करता है। जैसे ही उसका शव दरवाजे पर आया तो परिजनों के क्रंदन चित्कार से माहौल गमगीन हो गया था। माता कमला कुंवर समेत पूरा परिवार इस घटना से गहरे सदमें में है। ग्रामीणों की मानें तो उसके पिता की मृत्यु वर्षो पहले हो गई थी।

### पुलिस जीप फूंकने का आरोपी गिरफ्तार

**नावानगर।** बीते वर्ष नावानगर में अग्निवीर योजना के विरोध में नावानगर में हुए उपद्रव तथा डुमरांव सर्किल इंस्पेक्टर विमल दास की जीप फूंकने के एक आरोपित को भटौली से पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी बलबीर सिंह है। थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि बीते वर्ष 18 जून को नावानगर बाजार में युवकों द्वारा सड़क जाम एवं आगजनी कर अग्निवीर योजना के विरोध जताया था। उग्र भीड़ द्वारा पुलिस पर पथराव कर सर्किल इंस्पेक्टर की जीप को फूंक दिया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में दो दर्जन से अधिक युवकों पर पुलिस ने नामजद एफआईआर दर्ज किया था। दर्ज एफआईआर में बलबीर सिंह भी आरोपित थे। जो फरार चल रहे थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना पर आरोपित को भटौली गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# प्रखंड मुख्यालय परिसर में मूलभूत योजनाओं को पूरा करने के लिए हम कृत संकल्पित: विधायक

**राजपुर।** स्थानीय विधायक विश्वनाथ राम ने रविवार को राजपुर में पीसीसी पथ का उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बहुत दिनों से जनता की मांग थी। जिस मांग को हमने पूरा किया। विधायक ने कहा कि पिछले कई वर्षों से मुख्यालय परिसर कई मूलभूत योजनाओं से काफी दूर है। जिसे पूरा करने के लिए हम कृत संकल्पित है। प्रखंड के कुछ ऐसे पंचायत हैं। जिनको बहुत दूर तक चल कर आना पड़ता है। इसके लिए धनसोई को भी प्रखंड बनाने की कवायद चल रही है। जिसके लिए विधानसभा में बात को रखा गया है।

उन्होंने कहा कि मेरे विधायक रहते ही धनसोई को प्रखंड का दर्जा दिया जाएगा। आम जनों की सुविधा के लिए जो भी समस्याएं हैं, उन पर भी विशेष ध्यान है। इस पथ के बन जाने से क्षेत्र के लगभग 25 गांव के लोगों को प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए सुविधा होगी। पिछले कई वर्षों से इस क्षेत्र के बारुपुर, रूपापोखर, संगराव, मंगराव, सौरी, पलिया, डेहरी, खरगपुरा, बूढ़ाडीह, पिठारी, राजापुर, गोसाईपुर के अलावा अन्य गांव के लोगों को आने में काफी परेशानी हो रही थी।



वर्षा हो जाने के बाद मुख्यालय पर आने के लिए लोगों को लगभग 12 किमी की दूरी तय करनी पड़ती। लोगों की समस्या को देखते हुए राजपुर मुखिया अनिल सिंह के पहल पर मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत अस्पताल नहर से तिलकु राय के डेरा तक लगभग 14 लाख की लागत से पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया है। मौके पर उमेश सिंह, नागेश्वर यादव, हीरालाल, दुर्गेश सिंह, कृष्णा सिंह, चंदन सिंह के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम 2023 का हुआ आयोजन

# आज विश्व में अग्रणी भूमिका निभा रहा है भारत: विजय मिश्र

**केटी न्यूज/बक्सर**

- नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में आयोजित हुआ था समारोह

नेहरू युवा केंद्र, बक्सर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम- 2023 का आयोजन नई बाजार स्थित एक निजी मैरेज हॉल में किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन एनवाईके के जिला युवा समन्वयक सागर महेश्वरी, नमामि गंगे परियोजना के शैलेश कुमार राय, डुमरांव इंटर कॉलज भूगोल विभाग के व्याख्याता डॉ संजय कुमार सिंह, रोहित ओझा, राजेंद्र प्रसाद, हरगोविंद, रविंद्र सिंह एवं एनसीसी ऑफिसर अशोक कुमार, एमवी कॉलेज बक्सर के प्राचार्य विजय मिश्र आदि के द्वारा किया गया।

अपने संबोधन में युवा समन्वयक सागर माहेश्वरी ने कहा कि आज भारत जी-20 का नेतृत्व करने जा रहा है जिससे हमें गौरवान्वित होना चाहिए। वहीं प्राचार्य विजय मिश्र ने बताया कि भारत आज विश्व में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जिससे हमें भारतवासी कहलाने में गौरव महसूस हो रहा है।

वहीं, डॉ. सिंह ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन 15 और 16 जुलाई 2023 को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में संपन्न होगा। अन्य वक्ताओं ने जी-20 पर अपने-अपने सारगर्भित विचार रखे। जिससे युवाओं को इस सम्मेलन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। कार्यक्रम का संचालन बाल गोविंद पाठक एवं डॉ संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। उसके बाद युवाओं ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसके तहत जल संचयन और जल जीवन हरियाली नाटक के साथ-साथ नृत्य-संगीत भी प्रस्तुत किए। मौके पर बिहारी शर्मा, देवराज शाही, गणेश कुमार, शिव बंधु दुबे, उषा मिश्रा, शिक्षिका, सुधीर कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक, राजेश कुमार आदित्य, शोधार्थी, उमेश कुमार, अरुण कुमार, कन्हैया कुमार, जितेंद्र कुमार, पलक कुमारी, शिवकुमार, खुशी कुमारी, रोहित ओझा, आस्था गुप्ता, निखिल तिवारी, रिया, गोस्वामी, प्रदुमन, दीपक, पवन, सुमित, राजबीर, विपुल, आकृति राय, सुनीता, काजल आदि उपस्थित थे।


कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं और शिक्षकगण

**संवाद से युवाओं का बढ़ा आत्मविश्वास :** नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित इस पड़ोस युवा संवाद में बड़ी संख्या में युवाओं ने न सिर्फ सहभागिता निभाई बल्कि खुलकर अपनी बातों को भी रखा। इस दौरान युवा एक दूसरे से संवाद स्थापित करते रहे। इस संवाद से उनके आत्मबल में बढ़ोतरी हुई। समारोह के दौरान इसकी झलक भी देखने को मिली जब कई युवा बिना संकोच अपनी बातों को रख रहे थे। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी युवाओं ने बढ़चढ़कर भागीदारी निभाई। डॉ. संजय ने इस संबंध में कहा कि ऐसे आयोजन से युवाओं का बड़ा लाभ मिलेगा। इसका मुख्य उदेश्य भी यही है कि युवाओं की तर्क शक्ति तथा भाषण कौशल का विकास हो सके।

# विश्वामित्र अस्पताल में 28 को लगेगा फ्री चर्म रोग जांच शिविर

**केटी न्यूज/बक्सर**

- बीएचयू वाराणसी के चर्चित चर्म रोग विशेषज्ञ करेंगे मरीजों की जांच व इलाज

बक्सर के गोलंबर के पास स्थित चर्चित विश्वामित्र हॉस्पिटल में मंगलवार को चर्म रोगियों की जांच व इलाज के लिए एक फ्री कैंप का आयोजन किया गया है। इस शिविर में बीएचयू वाराणसी के चर्चित चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. एसके सिंह द्वारा चर्मरोगियों का मुफ्त में जांच व उन्हें जरूरी सलाह दिया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. राजीव झा ने कहा कि इस शिविर को सफल बनाने के लिए जोर शोर से प्रचार करवाया गया है। उन्होंने कहा कि शिविर में हजारों मरीजों के आने की संभावना है। बता दें कि विश्वामित्र अस्पताल बक्सर के सबसे बड़े अस्पतालों में शुमार है। यहां पहले से ही दूरबीन विधि द्वारा विभिन्न रोगों का सफल सर्जरी, आईसीयू, प्राइवेट वार्ड, जनरल वार्ड की सुविधा, टूटे हड्डियों का मशीन द्वारा आपरेशन, सर्पदंश का इलाज, बर्न यूनिट, ईसीजी, एंबुलेंस, स्त्री एवं प्रसूती रोग इलाज समेत कई अन्य सुविधाएं मौजूद है। वही अब चर्म रोग विशेषज्ञ की सेवा भी इस अस्पताल में मिलेगी। डॉ. झा ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को चर्म रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं इस अस्पताल को देंगे। इस खबर के मिलने के बाद चर्म रोगियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## खबरें फटाफट

### ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा को ले प्रदर्शन

**मऊ।** सदर तहसील अंतर्गत भैरोपुर गांव में कुछ दबंग लोगों द्वारा अवैध तरीके से ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। इस मामले को लेकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर दबंग अतिक्रमणकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कठोर कार्रवाई करने की मांग की। पूरा मामला सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत भैरोपुर गांव में ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जा के खिलाफ ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर सैकड़ों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि अतिक्रमणकारियों द्वारा 20 सालों से ग्राम सभा और सरकारी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**मऊ।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के परदहां गांव स्थित मिलरोड पर कृषि भवन के पास शनिवार की देर रात आटो की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान कुछ ही देर में मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक सुरेंद्र सिंह 50 पुत्र अंबिका सिंह शहर कोतवाली क्षेत्र के परदहां गांव का निवासी था। वह विकास भवन स्थित पौधशाला की एक दुकान चलाता था। रोज की भली-भांति शनिवार की रात दुकान बंर कर सुरेंद्र सिंह वापस घर लौट रहा था। अभी वह कृषि भवन के पास पहुंचा ही था कि पीछे से आ रही अनियंत्रित आटो ने टक्कर मार दी। जिससे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### सदर थाने में हुआ गोहना कोतवाल का तबादला

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली में तैनात कोतवाल शैलेश सिंह का रविवार को स्थानांतरण सदर मऊ हो जाने पर कोतवाली में एक विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें सभी पुलिसकर्मियों ने शैलेश सिंह के द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा की उनके द्वारा किए गए कार्यों की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। इसके बाद कोतवाल ने कहा कि मुहम्मदाबाद गोहना क्षेत्र की जनता ने जो प्यार दिया है वह कहीं भी नहीं मिल सकता। शांति प्रिय ढंग से यहां की जनता ने सभी त्योहारों को मिलजुल कर मनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी पुलिस कर्मियों ने फूल माला पहनाकर उनको भावभीनी विदाई दिया। मौके पर कस्बा चौकी प्रभारी पंकज यादव, मनोज कुमार सिंह, बलिराम प्रसाद, रवि किरण सिंह, मोहम्मद बिलाल खान, सेना कुमार, धर्मेंद्र सिंह, राजकिशोर, अंकिता सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# 10 मार्च तक ही हो सकेगा क्रिकेट खिलाड़ियों का पंजीकरण, स्पष्ट भरें आवेदन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से आगामी वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए गाजीपुर मंडल के सभी फॉर्मेट (अंडर-14, अंडर-16, अंडर-19, अंडर-24 तथा ओपन) के खिलाड़ियों के पंजीकरण 19 फरवरी से शुरू है। इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 मार्च घोषित की गयी है। इस अवसर पर सभी खिलाडियों से अपील की गयी कि नियत तिथि 10 मार्च 2023 तक वर्ष 2023-24 के लिए अधिकृत अधिकारियों से सम्पर्क कर अपना पंजीकरण करा लें। खिलाडियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंडल से संबद्ध सभी जनपदों में पंजीकरण आवेदन पत्र उपलब्ध कराया गया है। खिलाड़ी अपनी सुविधानुसार गाजीपुर में गाजीपुर मंडल कार्यालय पता- एनवाई सुहासिनी सिनेमाज मल्टीप्लेक्स परिसर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एटीएम के बगल में, रायगंज गाजीपुर (सम्पर्क- रंजन सिंह-7839349331 / नरेन्द्र प्रजापति- 8112529953 से समय प्रातः ठीक 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे के मध्य), जनपद मऊ में शारदा नारायण हॉस्पिटल, काउंटर नंबर 6, मऊनाथ भंजन समय प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे के मध्य (संपर्क- 9517123486 (हामिद) / 6386636078 (मनीष), जनपद बलिया में टीएस स्पोर्ट्स, संतरा सदन, स्टेडियम तिराहा (सम्पर्क- 9616110058) से आवेदन पत्र प्राप्त कर निर्धारित शुल्क रुपये 400/- मात्र का भुगतान कर पंजीकरण करा सकते हैं।

मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी जनपद के खिलाडियों से अपील की कि सभी खिलाड़ी व उनके अभिभावक समय रहते स्वयं की सुविधानुसार उपरोक्त निर्धारित किसी भी स्थान अपने शैक्षिक प्रमाणपत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति सहित से निर्धारित पंजीकरण शुल्क रुपया 400/- (रुपए चार सौ) मात्र जमाकर पंजीकरण प्रपत्र साफ एवं स्पष्ट अक्षरों में भर कर जमा कर दें व रसीद प्राप्त कर लें। उन्होंने बताया कि अधूरे एवं अस्पष्ट भरे गए आवेदन पत्र निरस्त किए जा सकते हैं साथ ही उन्होंने बताया कि निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त एक रुपया भी अनावश्यक रूप से किसी को न दें। चूंकि आवेदन पत्र पर पूर्व के से क्रम संख्या मुद्रित होने के कारण अपना आवेदन पत्र किसी के साथ न बदलें। किसी भी जनपद में पंजीकरण आवेदन पत्र प्राप्त करने में असुविधा होने की दशा में मोबाइल नंबर 8112529953/ 7839349331 पर सम्पर्क कर मंडल कैंप कार्यालय एनवाई सुहासिनी सिनेमाज मल्टीप्लेक्स परिसर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एटीएम के बगल में रायगंज, जनपद- गाजीपुर से भी प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान अध्यक्ष शाश्वत सिंह के अतिरिक्त बरुन कुमार अग्रवाल, प्रकाश चन्द्र राय, मो. आरिफ, रंजन सिंह, नरेन्द्र प्रजापति मो शकील सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### गंगा महासभा के राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में संतों ने जताई नाराजगी, कहा-

# गंगा पार फोर लेन सड़क बनने से नदी के भौगोलिक क्षेत्र को नुकसान

**एजेंसी/वाराणसी**






- बोले स्वामी जितेंद्रनाथ... टेंट सिटी में वहां पर चरित्रगत रूप से गलत काम होंगे
- तीर्थाटन और पर्यटन दोनों अलग-अलग शब्द, दोनों के मायने भी अलग

क्रूज, गंगा पार 4 लेन रोड और टेंट सिटी को लेकर वाराणसी के संत-समाज में नाराजगी है। संतों ने कहा कि यदि गंगा में क्रूज चलेंगे तो तीर्थों की मयार्दा भंग होगी। वहीं, यह भी आरोप लगाया कि गंगा किनारे टेंट सिटी की बुकिंग न होने से चरित्र हीनता का काम शुरू हो जाएगा। इसके लिए सरकार से पत्राचार करेंगे। साथ ही गंगा पार फोर लेन सड़क बनाने से गंगा के भौगोलिक क्षेत्र को नुकसान होगा। वाराणसी के सिगरा स्थित आज गंगा महासभा के केंद्रीय कार्यालय पर गंगा महासभा के राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक हुई। इस दौरान अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद स्वामी ने कहा कि टेंट सिटी एक विफल प्रोजेक्ट है। टेंट की बुकिंग नहीं होगी तो वहां पर चरित्रगत रूप से गलत काम होंगे। काशी का साधु-संत या गृहस्थ लोग भी नहीं चाहेंगे गंगा के रत पर कोई गंदा काम हो।

**अय्याशी की काशी में न बदल जाए सब कुछ :** वैसे घाटों पर आपको लड़के-लड़कियों का बैठना, नशीली चीजों का सेवन आदि आपको दिख ही रहा है। इस पर रोक नहीं लगा तो यह ज्ञान की काशी, अय्याशी की काशी में बदल जाएगी। विलास के लिए क्रूज चलाना अच्छी बात नहीं है। जितेंद्रानंद ने कहा कि तीर्थाटन और पर्यटन दोनों अलग-अलग शब्द हैं। दोनों के मायने भी अलग हैं। इनको अलग करो। गंगा की गोद में जब क्रूज चलेंगे, तो तीर्थों की मयार्दा भंग होगी। तीर्थ क्षेत्रों में शराब, मांस, वेश्यावृत्ति और कॉलगर्ल पर रोक कैसे लगे, यह तीर्थाटन का कानून तय करेगा।

**किस कानून में लिखा है घाट पर एक कपल्स नहीं बैठ सकते :** एक लड़का और लड़की घाट पर नहीं बैठ सकते, ऐसा कौन सा कानून कहता है। जितेंद्रानंद स्वामी ने कहा कि यदि तीर्थाटन और पर्यटन अलग हो तो हम धार्मिक महत्व वाले क्षेत्रों में शास्त्रों के नियम चलाएंगे। हम घाटों पर शराब पीने और नॉनवेज खाने पर रोक लगाएंगे। भारत सरकार तीर्थाटन मंत्रालय का गठन करेंरू। भारत सरकार जो करना चाहती है तो करे। इसके साथ ही कहा कि विदेश प्रायोजित फोर्ड फाउंडेशन, जेम्स फाउंडेशन, पीयरे ओमिदयार और जॉर्ज सोरोस के पैसों से भारत में आंदोलन चल रहे हैं। उनसे राष्ट्रीय एकता और अखंडता को खतरा है।

### गंगा जी की पीड़ा को कम करें कार्यकर्ता

बैठक के दौरान संतों ने गंगा की अविरलता और निर्मलता के प्रयासों पर चिंतन, गंगा महासभा के मुखपत्र ह्यभागीरथी के स्वरह्न के प्रकाशन, आगामी ह्यसंस्कृति संसद 2023 की तारीख पर विचार किया।

बैठक में गंगा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमस्वरुप पाठक ने कहा कि नई पीढ़ी के कार्यकताओं को देखकर प्रसन्नता हो रही है। गंगा महासभा के कार्यकर्ता गंगाजी की पीड़ा को दूर करने के लिए तन-मन से कार्य करें। राष्ट्रीय महामंत्री गोविंद शर्मा ने कहा कि इस बार संस्कृति संसद का आयोजन तीन, चार और पांच नवंबर को होने जा रहा है। इसमें 350 महामंडलेश्वर, 127 संप्रदायों के आचार्य समेत देशभर के राष्ट्रनिष्ठ चिंतक भाग लेंगे। इसके पहले दिन धर्म संसद बैठेगी। दूसरे दिन मातृ संसद और तीसरे दिन युवा संसद का आयोजन होगा।

## लापता बेटे को पाकर गदगद हुई मां



**बलिया।** जनपद की मनियर पुलिस के प्रयास से लगभग 15 वर्ष पूर्व लापता युवक रविवार को मनियर थाने पर अपने परिजनों से मिला। उक्त युवक लावारिस हालत में मनियर पुलिस को रविवार को मिला था। मनियर पुलिस उसे थाने पर लाकर नहलाई खिलाई एवं उससे पूछताछ करने के बाद उसके घर का पता प्राप्त किया। विभिन्न स्त्रोतों से उसके अभिभावकों को पता लगाया फिर उनको सूचना दी।

सूचना पर युवक की मां, चाची, भाई व गांव के प्रधान सहित आदि लोग पहुंचे और उक्त बालक की पहचान की। फिर सुपुर्दगी लिखवा कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया। युवक की पहचान उसकी मां कृष्णावती देवी पत्नी राम सुमेर यादव निवासी मुनासो थाना मइल जनपद देवरिया ने अपने पुत्र मंगेश यादव के रूप में की। पुलिस ने उसकी मां, चाची रम्भावती देवी, ग्राम प्रधान, भाई गोविंद यादव सहित गांव से आए अन्य लोगों की मौजूदगी में युवक को उसकी मां को सुपुर्द किया। मंगेश जब 8 वर्ष का था तो वह लापाता हो गया था। मनियर पुलिस की वजह से अपने खोए पुत्र को पाकर उसकी मां तथा गांव से आए लोगों ने पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की।

## ट्रक से कुचलकर युवक की मौत पर आक्रोशितों ने दर्जनों ट्रकों के शीशे तोड़े

**केटी न्यूज/बलिया**



शहर के अति व्यस्त मार्ग रेलवे स्टेशन- मालगोदाम रोड पर शनिवार की देर शाम एक ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने कई ट्रकों को क्षतिग्रस्त करने के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग को रेलवे स्टेशन के पास जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस मामले को शांत करने में देर रात तक जुटी रही।

शहर कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर (हरिजन बस्ती) निवासी सूरज (27) रेलवे स्टेशन के समीप सड़क पार कर रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना जैसे ही शहर में लोगों तक पहुंची, कुछ ही देर में सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए। सूरज को मृत देख लोग आक्रोशित हो उठे। सड़क जाम करने के साथ ही वाहनों को क्षतिग्रस्त करना शुरू कर दिया। करीब दर्जनभर ट्रकों के शीशे भी तोड़े। घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली कि जगदीशपुर हरिजन बस्ती के लोगों ने रेलवे स्टेशन के समीप जाम लगा दिया है। पुलिस लोगों को समझाने एवं सड़क जाम को छुड़ाने में जुटी रही। इस दौरान चित्तू पांडेय चौराहा से रेलवे स्टेशन के आगे तक घंटों जाम की स्थिति बनी रही।

## एक नजर

### चौहान समाज करेगा 2024 के चुनाव का आगाज




**गाजीपुर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत लंका मैदान में चौहान समाज के नेता व कार्यकताओं संग छात्र नेता व बीएसपी के स्टार प्रचारक व क्वार्डिनेटर सुभाष चौहान ने प्रेस कान्फ्रेंस की। इस दौरान 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चौहान समाज की हिस्सेदारी को लेकर हुंकार भरी। इस दौरान उन्होंने बताया कि सभी पार्टियों के चौहान समाज के बड़े नेता व कार्यकर्ता मंच पर एक साथ में ही मौजूद रहेंगे। वहां से चौहान समाज एक भव्य जनसभा को भी सम्बोधित करेगा। इस मौके पर सम्राट पृथ्वीराज चौहान शब्दभेदी संस्था के प्रमुख पवन चौहान ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कहा कि चौहान स्वाभिमान रैली गाजीपुर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश व देश के कोने-कोने से 26/02/23 जनपद में आ रहे हैं। इसी के साथ वह अपने शो चौहान सलमान रैली में अपनी ताकत दिखा कर अपने हक एवं स्वाभिमान के लिए सरकार से बात करेंगे। वहीं, बीएसपी के स्टार प्रचारक एवं कोऑर्डिनेटर सुभाष चौहान ने कहा कि जिन लोगों को हम लोग वोट देकर सरकार में भेजते हैं, वो हमारी नहीं सुनते। इसको देखते हुए अपने हक अधिकार की स्वयं लड़ाई लड़ने के लिए गाजीपुर ही नहीं, बल्कि पूरे देश व प्रदेश के चौहान समाज के लोग रविवार को इस जनपद में चौहान स्वाभिमान महारैली में शामिल होने के लिए आए हैं।

### 18 गायों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बिहार बॉर्डर पर गो तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के कुशल मार्ग दर्शन में थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय को मुखबीर से सूचना मिली कि रसूलपुर मुख्य मार्ग के किनारे स्थित हनुमान मन्दिर के पास से गो तस्कर गुजरने वाले हैं। पुलिस ने अभियुक्तगण घूरल चौधरी पुत्र बबुआ चौधरी निवासी ग्राम कोटवा नरायनपुर थाना नरहीं, मुन्ना यादव उर्फ गर्जन यादव पुत्र कुबेर यादव निवासी ग्राम भरौली थाना नरहीं को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से एक अदद ट्रक , ट्रक में लदे 18 राशि गाय व अभियुक्त मुन्ना यादव उर्फ गर्जन यादव के कब्जे से एक अदद तमन्चा दो अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया। अभियुक्त चन्दन गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता निवासी ग्राम कोटवा नरायनपुर थाना नरहीं, मिथलेश यादव पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम बाराचवर थाना बरेसर, दुर्गा गुप्ता पुत्र अज्ञात कोटवा नरायनपुर थाना नरहीं, सुरेश गुप्ता पुत्र स्व0 राजकुमार गुप्ता निवासी ग्राम कोटवा नरायनपुर थाना नरहीं जो मौके से भागने में सफल रहे। उक्त के सम्बन्ध में थाने में गोवध निवारण अधिनियम व आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। साथ ही भागे हुए अभियुक्तगण के विरुद्ध पूर्व में मुकदमा पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### 22 मार्च को संसद का घेराव करेंगे पीडीएस डीलर



**मऊ।** रतनपुरा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े फेयर प्राइस शॉप डीलरों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह तथा संचालन अखिलेश कुमार चौहान ने किया। बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने पर बल देते हुए आगामी 22 मार्च को दिल्ली कूच करने की तैयारी पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि देशभर के कोटेदार आगामी 22 मार्च को दिल्ली पहुंच करके संसद का घेराव करेंगे। क्योंकि देशभर के कोटेदारों में कोविड कॉल से लेकर के सामान्य दिनों में बेहतर ढंग से खाद्यान्न का वितरण किया है। ऐसी स्थिति में उनका कमीशन नगण्य है। इसलिए कोटेदारों का मानदेय 50000 प्रति माह होना चाहिए। इसी मांग को लेकर के हम लोग 22 मार्च को दिल्ली पहुंचेंगे और वहां संसद भवन का घेराव करेंगे। उपस्थित कोटेदारों ने दिल्ली चलो के कार्यक्रम में अपनी पूर्ण सहमति व्यक्त करते हुए रणनीति तय की। बैठक में शैलेश राजभर, अरविंद कुमार सिंह पहसा, भूसा सिंह, कपिल देव यादव,फतेह बहादुर गुप्त, राम कठिन यादव, नारायण चौहान, ओम प्रकाश बरनवाल, नंद किशोर साहू उर्फ गुड्डू, चंद्रपति राजभर, केदार सिंह, राजकुमार सहित 53 कोटेदार उपस्थित थे।

### कुलपति प्रो कल्पलता पांडेय का कार्यकाल बढ़ा



**बलिया।** उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय का कार्यकाल बढ़ा दिया है। प्रो कल्पलता पाण्डेय का कार्यकाल 25 फरवरी को समाप्त हो रहा था। वर्तमान में नियमित कुलपति की नियुक्ति में कुछ समय लगने की संभावना के दृष्टिगत वर्तमान कुलपति का कार्यकाल अवधि, नियमित कुलपति की नियुक्ति अथवा अग्रिम आदेश, जो भी पहले हो, तक बढ़ाया गया है। इस अवसर पर कुलसचिव एसएल पाल, कुलानुशासक प्रो. अरविंद नेत्र पाण्डेय सहित प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आज बलिया में आगमन, कार्यक्रम स्थल की तैयारी पूरी

# ग्रीनफील्ड के बाद आरा रेल लाइन का जल्द होगा शिलान्यास: मस्त

- बोले सांसद... जल परिवहन व नई रेल लाइन बलिया को पूरे उत्तर प्रदेश में करेगा विख्यात

**केटी न्यूज/बलिया**



कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने पहुंचे सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण बलिया के विकास की नई इबारत लिखेगी। वहीं जल परिवहन व बलिया आरा नई रेल लाइन बलिया को विकसित जनपद के रूप में पूरे उत्तर प्रदेश में विख्यात करेगा। मेरा प्रयास है कि ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के शिलान्यास के बाद बलिया आरा रेल लाइन का शिलान्यास भी यथाशीघ्र करा कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाए।

उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रयागराज से कोलकाता तक नियमित गंगा नदी में पानी की जहाज का परिचालन शुरू होगा। जिससे सड़क मार्ग व रेल मार्ग से कम किराए में व्यापारी व किसान अपना माल देश के विभिन्न स्थानों पर ले जा सकते हैं अथवा वहां से मंगा सकते हैं। सांसद ने स्पष्ट किया कि रेलवे का डीपीआर बन चुका है। सहतवार से आरा स्टेशन को जोड़ा जाएगा, जो हल्दी के बगल से नैनिजोर होते हुए बिहिया जाकर मिलेगा। नैनिजोर के पास गंगा में रेल पुल का निर्माण किया जाएगा। विरेंद्र सिंह मस्त ने जनपद के लोगों से भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के 27 फरवरी को बलिया आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत का आह्वान किया है।

### ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास आज

बलिया में ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास आज केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। इसके मद्देनजर चितबड़ागांव में आयोजित कार्यक्रम स्थल की तैयारी पूरी की ली गई है। केंद्रीय मंत्री वाराणसी एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से सुबह 11:40 बजे चितबड़ागांव पहुंचेंगे। यहां पहले जनसभा को संबोधित करेंगे। फिर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद हेलीकॉप्टर से पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। बता दें कि भरौली-बक्सर के बीच गंगा पर बन रहे नया पुल का कार्य जहां जोरों पर है, वहीं पुराने पुल के पास लिंक रोड का निर्माण शुरू हो गया है। यह फोरलेन लिंक मार्ग ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के इंटरचेंज से जुड़ेगा। इससे यूपी-बिहार से पटना, लखनऊ और दिल्ली तक का सफर आसान हो जाएगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बलिया जनपद को कई परियोजनाओं की सौगात देंगे।